# स्टालिन ने स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं का अनावरण किया







दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बुधवार को तमिलनाडु लोक सेवा आयोग के माध्यम से हाल ही में भर्ती किए गए 83 सहायक कृषि अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने यहां सचिवालय में आयोजित एक समारोह में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पाने वाले 42 लोगों को नियुक्ति पत्र दिएय

इसके बाद, स्वतंत्रता सेनानी शहीद इमैनुअल सेकरन (नौ अक्टूबर 1924 – 11 सितंबर 1957) को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स' पर पोस्ट कर कहा, उनके स्मारक और इतिहास हमारे नागरिक अधिकारों तथा सामाजिक न्याय के प्रयासों को सदैव प्रेरित करते रहेंगे। सचिवालय में आयोजित एक अन्य





समारोह में, मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानियों की आदमकद प्रतिमाओं का अनावरण किया।

तेनकाशी जिले में पुलिथेवन के कमांडर वेन्नी कलादी और शिवगंगा जिले में ब्रिटिश शस्त्रागार को नष्ट करने वाली स्वतंत्रता सेनानी कुइली की प्रतिमा लगाई गई है।

इसके अलावा, उन्होंने धाली पलायपट्टू के तत्कालीन सरदार वेंकटपति एथलापर नायकर की आदमकद प्रतिमा और स्मारक का रिमोट से अनावरण किया। पलायपट्टू ने अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाई थी।

इन परियोजना में 3.60 करोड़ रुपये की लागत आई है। इस परियोजना का उद्देश्य इन स्वतंत्रता सेनानियों के सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करना है।

सूचना एवं प्रचार मंत्री एमपी स्वामीनाथन, मुख्य सचिव एन मुरुगनंदम, तमिल विकास सचिव वी राजारमन, संबंधित जिलों के जिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।



# केरल की पूर्व डीजीपी आर श्रीलेखा भाजपा में शामिल हुई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल कैडर की पहली महिला आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) अधिकारी और पूर्व पुलिस महानिदेशक आर श्रीलेखा बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के सुरेंद्रन ने श्रीलेखा को शाम चार बजे यहां उनके आवास पर पार्टी की सदस्यता दिलाई।

# स्टालिन ने जम्मू-कश्मीर में नेकां-कांग्रेस की जीत को 'शानदार' बताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस–कांग्रेस की जीत को बुधवार को शानदार'' बताया और कहा कि यह एक न्यायसंगत व ऐसे समावेशी भविष्य की शुरुआत का प्रतीक है जो हर कश्मीरी की आशाओं का सम्मान करता है।

स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, शानदार जीत पर नेकां–कांग्रेस गठबंधन और जम्मू–कश्मीर के लोगों को बधाई। यह इंडिया' गठबंधन और लोकतंत्र की जीत से कहीं अधिक है – यह जम्मू–कश्मीर की गरिमा और राज्य का दर्जा बहाल करने की आकांक्षाओं को पूरा करने का जनादेश है जिसे केंद्र की भाजपा



सरकार ने अन्यायपूर्ण तरीके से छीन लिया है। उन्होंने कहा, यह क्षण एक न्यायसंगत और ऐसे समावेशी भविष्य की शुरुआत का प्रतीक है जो हर कश्मीरी की आशाओं का सम्मान करता है। जम्मू कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) 42 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है और वह गठबंधन की अपनी सहयोग कांग्रेस के साथ मिलकर केंद्र शासित प्रदेश में अगली सरकार बनाने के लिए तैयार है। कांग्रेस को छह सीटें मिली हैं।

# एनआईए ने तमिलनाडु में एचयूटी के एक प्रमुख सदस्य को गिरफ्तार किया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने तमिलनाडु हिज्ब–उत–तहरीर (एचयूटी) मामले में एक प्रमुख आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह मामला पुडुचेरी में भारत विरोधी संगठन की विचारधारा को बढ़ावा देकर'' असंतोष और अलगाववाद फैलाने से संबंधित है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

केंद्रीय एजेंसी ने मंगलवार को तमिलनाडु से एचयूटी के 'नाकिब' या राज्य 'अमीर' फैजुल रहमान को गिरफ्तार किया। वह अब एनआईए की हिरासत में सातवां आरोपी है। एनआईए के प्रवक्ता ने कहा कि यह मामला हमीद हुसैन और अन्य आरोपियों द्वारा भारत विरोधी संगठन की विचारधारा को बढ़ावा देकर असंतोष और अलगाववाद फैलाने की साजिश से संबंधित है। एजेंसी ने आरोप लगाया कि रहमान गिरोह के अन्य गिरफ्तार सदस्यों के साथ अलगाववाद का प्रचार करने और कश्मीर को आजाद कराने के लिए पाकिस्तान से सैन्य सहायता मांगने में सक्रिय रूप से शामिल था।

प्रवक्ता ने कहा, साजिश का गुप्त उद्देश्य हिंसक जिहाद छेड़कर भारत सरकार को उखाड़ फेंककर खिलाफत स्थापित करना था। अधिकारी ने कहा कि ''एनआईए की जांच से पता चला है कि रहमान और अन्य लोगों ने दुष्प्रचार करने और मतदान को हिज्ब–उत–तहरीर की विचारधारा के अनुसार 'गैर–इस्लामिक/हराम' करार देते हुए उसके खिलाफ अभियान चलाने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया।'' गिरफ्तार सदस्य कथित तौर पर संगठन के केंद्रीय मीडिया कार्यालय के इशारे पर गुप्त और कूट संचार मंचों के माध्यम से अपने समर्थकों तक एचयूटी की हिंसक विचारधारा फैला रहे थे।

एनआईए के एक बयान में कहा गया है, आरोपी ने कई समूहों के बीच हिज्ब–उत–तहरीर की विचारधारा फैलाने के लिए कई गुप्त बैठकें की थीं और पूरे तमिलनाडु में विभाजनकारी अभियान चलाए थे। एनआईए ने चेन्नई पुलिस से जांच जुलाई 2024 में अपने हाथ में ली थी।

## दीपावली शराब का नहीं, रोशनी का त्यौहार

# तमिलनाडु सरकार की दीपावली पर शराब की बिक्री में वृद्धि, महिलाओं और गरीबों के साथ विश्वासघात : एएनएस प्रसाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार द्वारा दीपावली के दौरान सरकारी शराब की स्टोर्स पर शराब की बिक्री बढ़ाने का निर्णय चौंकाने वाला और दुर्भाग्यपूर्ण है। इस कदम से लाखों गरीब परिवारों को नुकसान होगा जो पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। शराब की बिक्री बढ़ाने के लिए सरकार का औचित्य अस्वीकार्य है, और यह स्पष्ट है कि यह निर्णय नागरिकों की भलाई के बजाय राजस्व संबंधी विचारों से प्रेरित है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता एएनएस प्रसाद ने विज्ञप्ति में बताया।

उन्होंने कहा कि इस कदम का गरीब और हाशिए पर पड़े समुदायों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव का



हवाला देते हुए विपक्षी दलों ने मांग की है कि सरकार अपने फैसले पर पुनर्विचार करे और अपने नागरिकों के कल्याण को प्राथमिकता दे। सरकार के लिए यह जरूरी है कि वह लोगों की दुर्दशा को समझे और उनकी पीड़ा को बढ़ाने के बजाय उन्हें कम करने के लिए कदम उठाए।

सरकारी शराब दुकानों में शराब बिक्री ने पहले ही कई परिवारों को भारी परेशानी में डाल दिया है। शराब की बिक्री से होने वाला राजस्व नागरिकों की भलाई की कीमत पर नहीं आना चाहिए। सरकार को अपने नागरिकों के कल्याण को प्राथमिकता देनी चाहिए, खासकर दीपावली जैसे त्यौहारों के दौरान, जो जश्न और खुशी का समय होता है।

इसके अलावा, दिवाली के दौरान शराब की बिक्री बढ़ाने का सरकार का फैसला विडंबनापूर्ण है, क्योंकि सरकार शराबबंदी को बढ़ावा देने और शराब की बिक्री कम करने का दावा करती है। विपक्षी दलों ने शराब की बिक्री और समाज पर इसके प्रभाव के मुद्दे को संबोधित करने में सरकार की विफलता का हवाला देते हुए पाखंड का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के लोगों की मांग है कि सरकार अपना फैसला वापस ले और उनके कल्याण को प्राथमिकता दे। विपक्षी दल सरकार पर अपने फैसले पर पुनर्विचार करने और सभी नागरिकों के लिए बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में काम करने का दबाव बनाते रहेंगे।

तमिलनाडु सरकार द्वारा दीपावली के दौरान शराब की बिक्री बढ़ाने का निर्णय चिंताजनक है। इस कदम से लाखों गरीब परिवारों, खासकर महिलाओं और बच्चों को नुकसान होगा, जो पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। सरकार को अपने नागरिकों के कल्याण को प्राथमिकता देनी चाहिए, न कि शराब की बिक्री को बढ़ावा देना चाहिए। हम मुख्यमंत्री स्टालिन और उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन से आग्रह करते हैं कि वे हस्तक्षेप करें और 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक सरकारी शराब की दुकानों के लिए तीन दिन की छुट्टी घोषित करें।

# एयरटेल ने 12 दिन में तमिलनाडु में 11.2 करोड़ संभावित स्पैम कॉल की पहचान की

**चेन्नई।** भारती एयरटेल ने अपनी एआई संचालित स्पैम पहचान प्रणाली की पेशकश करने के बाद पिछले 12 दिन में तमिलनाडु में 11.2 करोड़ से अधिक संभावित स्पैम कॉल की पहचान की है। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि 30 लाख 'स्पैम शॉर्ट मैसेजिंग' सेवाओं की पहचान भी की गई है। दूरसंचार कंपनी ने संदिग्ध स्पैम कॉल और एसएमएस को पहचानने के लिए एक कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित एल्गोरिदम लागू किया है। यह ग्राहकों के उपयोग रुझानों के आधार पर विभिन्न मापदंडों का विश्लेषण करता है। भारती एयरटेल तमिलनाडु के मुख्य कार्यपालक अधिकारी तरुण विरमानी ने बुधवार को कहा, आज के डिजिटल परिदृश्य में स्पैम कॉल और संदिग्ध लिखित संदेश ग्राहकों के लिए एक बड़ी चिंता बन गए हैं। उन्होंने बयान में कहा कि स्पैम रोकथाम सेवा ने तमिलनाडु में 2.98 करोड़ एयरटेल ग्राहकों को राहत दी है।

# तमिलनाडु ने सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के मुख्य दौर के लिए क्वालीफाई किया


**पल्लकड़/भाषा।** पूर्व चैम्पियन तमिलनाडु ने बुधवार को यहां हिमाचल प्रदेश को 1–0 से हराकर 29वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के मुख्य दौर के लिए क्वालीफाई किया। तीन टीम तमिलनाडु, केरल और गोवा के तीन मैच में छह छह अंक रहे। लेकिन तमिलनाडु ने मुख्य दौर के लिए क्वालीफाई किया। मिडफील्डर और कप्तान काव्या पक्कीरीसैमी ने 29वें मिनट में महत्वपूर्ण गोल दागा। ग्रुप के अन्य मैच में मेजबान केरल ने गोवा को 2–0 से हराया। टीम के लिए मनासा के और अलीना टोनी ने गोल किये।

# प्रसिद्ध मलयालम अभिनेता टी. पी. माधवन का 88 वर्ष की आयु में निधन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोल्लम/भाषा।** प्रसिद्ध मलयालम अभिनेता टी. पी. माधवन का बुधवार को 88 वर्ष की उम्र में यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। फिल्म उद्योग के सूत्रों ने यह जानकारी दी। विभिन्न बीमारियों से ग्रसित माधवन अपना उपचार करवाने के लिए अस्पताल में भर्ती थे और आज उन्होंने अंतिम श्वांस ली। वह पिछले आठ वर्षों से पठानपुरम स्थित गांधी भवन में रह रहे थे।

माधवन ने 40 वर्ष की आयु के बाद अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की और 600 से अधिक मलयालम फिल्मों में काम किया। वह मलयालम फिल्म अभिनेता संघ (एमएमएमए) के प्रथम महासचिव थे। अभिनेता मधु द्वारा 1975 में पहला ब्रेक दिए जाने पर माधवन ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत



की थी। बाद में उन्हें कठिनाई का सामना करना पड़ा। वह तिरुवनंतपुरम में एक लॉज में रहे, इसके बाद एक धारावाहिक के निर्देशक उन्हें गांधी भवन में ले गए। बाद में उन्होंने धारावाहिकों और फिल्मों में कुछ भूमिकाएं निभाईं। पिछले कुछ वर्षों से माधवन उम्र से संबंधित बीमारियों से ग्रसित थे।

मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने माधवन के निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि माधवन एक प्रतिभाशाली अभिनेता थे जिन्होंने 600 से अधिक फिल्मों में विभिन्न प्रकार के किरदार निभाए।

# केरल के मुख्यमंत्री पर टिप्पणी करने के लिए विधायक अनवर ने मांगी माफी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए निर्दलीय विधायक पी. वी. अनवर ने बुधवार को माफी मांगी। अनवर ने सोशल मीडिया मंच 'फेसबुक' पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में स्पष्ट किया जुबान फिसलने के कारण ऐसा हुआ। उन्होंने पहले दिन में विजयन के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी की थी।

उन्होंने कहा, ''मीडिया से बात करते समय मेरी जुबान फिसल गई थी।'' वीडियो में अनवर ने दावा किया कि मुख्यमंत्री ने उन्हें चोर की तरह पेश करते हुए उनके बारे में टिप्पणी की। नीलांबुर के विधायक ने कहा, ''मेरे बयान का मतलब यह



था कि मैं किसी को भी जवाब दूंगा चाहे वे कितने भी वरिष्ठ हों, भले ही वे मुख्यमंत्री से ऊपर क्यों न हों।''

उन्होंने वीडियो संदेश में कहा, ''मुझे इस बात का गहरा अफसोस है कि मेरे शब्दों का क्या अर्थ निकला। मैं मुख्यमंत्री, उनके परिवार और सभी से ईमानदारी से माफी मांगता हूं। मैं खेद व्यक्त करता हूं और सच्ची माफी मांगता हूं।'' इस बीच, अनवर ने सत्तारूढ़ वामपंथ के साथ विवाद शुरू होने के बाद पहली बार विधानसभा सत्र में भाग लिया। वे वामपंथ दल के साथ आठ वर्षों से अधिक समय से जुड़े हुए थे। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने अनवर के साथ नाता तोड़ लिया था क्योंकि उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर मुख्यमंत्री विजयन, उनके करीबी विश्वासपात्रों और पार्टी के खिलाफ बातें कहीं थीं। इसके बाद अनवर ने डेमोक्रेटिक मूवमेंट ऑफ केरल (डीएमके) नामक एक सामाजिक संगठन शुरू किया।

डीएमके की शुरुआत करने से पहले अनवर ने चेन्नई का दौरा किया और तमिलनाडु के सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेताओं से मुलाकात की। विधायक बुधवार को गले में डीएमके का शॉल डालकर और हाथ में लाल तौलिया लेकर विधानसभा पहुंचे थे।

अनवर को राज्य विधानसभा की चौथी पंक्ति में एक अलग सीट दी गई है। उन्होंने कहा था कि वह सत्र में भाग नहीं ले रहे हैं क्योंकि उन्हें विपक्षी सदस्यों के बीच एक सीट आवंटित की गई थी।

## हरी झंडी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत





चेन्नई में बुधवार को परिवहन मंत्री एसएस शिवशंकर ने नगर परिवहन निगम केंद्रीय कार्यालय चेन्नई पल्लवन इलम में 22.69 करोड़ रुपये की 25 नई बीएस–4 लो फ्लोर बसों के संचालन को हरी झंडी दिखाई। इस कार्यक्रम में सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव के. पैनिन्द्र रेड्डी, ईए पाटा सिटी ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक डॉ. एल्बी जॉन वर्गीस, कंट्री डायरेक्टर, भारत, जर्मन बैंक, ई.ए.डी. उल्फ मुथ (वोइल मुथ), परिवहन विशेषज्ञ स्वाति खन्ना, जर्मन दूतावास के उप महावाणिज्यदूत कुचलर सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# यूडीएफ ने सबरीमला मंदिर पहुंचकर ही दर्शन के लिए बुकिंग की सुविधा देने का अनुरोध किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल में कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे (यूडीएफ) ने बुधवार को राज्य सरकार से सबरीमला में आगामी मंडलम–मकरविलक्कू तीर्थयात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों के लिए दर्शन के वास्ते भगवान अयप्पा मंदिर पहुंचकर ही बुकिंग कराने की सुविधा देने का अनुरोध किया।

विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने सदन में कहा कि मंदिर में दर्शन के लिए बुकिंग केवल ऑनलाइन माध्यम से कराने और हर दिन दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की संख्या 80,000 तक सीमित करने का हजारों तीर्थयात्रियों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा जिसमें अन्य राज्यों के तीर्थयात्री भी शामिल हैं जो कम्प्यूटर की ज्यादा जानकारी नहीं रखते हैं।

उन्होंने कहा कि 41 दिन का उपवास पूरा करने के बाद तीर्थयात्रा के लिए आए ऐसे तीर्थयात्रियों को मंदिर में दर्शन के अवसर से वंचित कर दिया जाएगा और इससे राज्य में गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं। सतीशन ने सरकार से तीर्थयात्रा के दौरान दर्शन के लिए मंदिर पहुंचकर ही बुकिंग कराने की सुविधा देने पर तत्काल विचार करने का अनुरोध किया।

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com

चेन्नई | गुरुवार | 10-10-2024 /dakshinbharat /dakshinbharat DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8


परमात्मा ने आत्म तत्व को प्रकट करने के लिए जो मार्ग अपनाया, वह अति कठिन था। आज दूसरों की प्रशंसा करना कठिन है लेकिन स्वयं की प्रशंसा करना उतना ही सरल है। परमात्मा ने तप साधना की लेकिन अपने समीप रहे। जो धर्म में स्थिर हैं, मोक्ष पाना चाहता है, ऐसे मनुष्य को इससे बढ़कर त्याग करना कोई बाधा नहीं है। जो वीतरागी है, उनके भीतर चैतन्य रहता है। इस प्रकार आर-पार के संसार को जानकर सबसे सुरक्षित कर लिया।

# जो परमात्मा पर आस्था रखता है, उसकी सद्गति निश्चित है : युवाचार्य महेंद्र ऋषि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। यहां के एएमकेएम जैन मेमोरियल सेंटर में चातुर्मासार्थ विराजित श्रमण संघीय युवाचार्य महेंद्र ऋषिजी के सान्निध्य में बुधवार को पुच्छिस्सुणं संपुट जाप की 29वीं गाथा का स्वाध्याय अंतिम मंगल गाथा के रूप में हुआ। इस गाथा की हिंदी व्याख्या करते हुए युवाचार्यश्री ने कहा कि महापुरुषों की स्तुति अपूर्व सामर्थ्य देने वाली है। जो परमात्मा के वचनों में समाहित है, वह हमने कभी अनुभव नहीं किया। वह ऐसा अल्हाद है जो किसी वस्तु में या स्थान पर नहीं है। आपको, हमको देखकर जो प्रसन्नता होती है, वह व्यक्ति की बाहरी प्रसन्नता है। बहुत से समय के बाद मिलने वाली अपेक्षा से हुई प्रसन्नता, खुशी है। वह हमारे भीतर में होने वाले थोड़े समय के लिए सकुन का अनुभव है। कुछ देर की प्रसन्नता, जो बाहरी स्थान, वस्तु से मिलती है, वह अस्थायी है। जो समस्त भव्य आत्माओं के लिए प्रेरणास्रोत, आलंबन है, ऐसे परमात्मा की स्तुति हमने की।

उन्होंने कहा कि हम जो परमात्मा की स्तुति कर रहे हैं, वह अपूर्व अल्हाद की अनुभूति है। वह श्रेष्ठतम पदों से बनी हुई है। वह अरिहंत के अर्थ और पद्य से सुशोभित है। कभी- कभी शब्द अच्छे होते हैं लेकिन वे अंदर से दुःखी बना देते हैं। ऐसे शब्दों के अर्थ में कहीं-कहीं दोष होते हैं। शब्दों में तीन शक्तियां होती हैं अविधा शक्ति, लक्षणा शक्ति व व्यंजना शक्ति। ये व्यक्ति के भाव, आचार, उच्चारण पर निर्भर करता है कि बोलने वाला किस शब्द को, किस टोन में बोल रहा है। परमात्मा के शब्द, अर्थ बहुत सामर्थ्यशाली है। हम जो आपको अर्थ बताते हैं, वह एक अंश मात्र है। परमात्मा द्वारा कहा गया एक-एक शब्द मोती जैसा होता है, जो अर्थ रुप में सार्थक है। शब्द कुछ बदले हुए हो सकते हैं लेकिन भाव वे ही रहेंगे। परमात्मा के वचन का श्रवण जो करता है, उस पर भव्य आत्मा श्रद्धा करते हुए सिद्ध पद को प्राप्त कर लेती है। जब भी अवसर उपस्थित होता है, इसका स्वाध्याय कर इसे प्राप्त करना चाहिए। जो इन पर श्रद्धा कर लेता है, वह शुभ गति का बंध कर लेता है। वह जन्म-मरण के चक्र से दूर हो जाता है।

उन्होंने 25वीं गाथा का भावार्थ बताते हुए कहा कि परमात्मा पृथ्वी के समान है। पृथ्वी सहनशील होती है। वैसे ही परमात्मा कैसे भी उपसर्ग, परिषह आए लेकिन वे विचलित नहीं हुए। शरीर में कुछ भी हो, लेकिन मन में सहिष्णुता होती है। वे कर्मों को नष्ट कर देते हैं। उन्होंने अपनी आसक्ति को खत्म कर दिया, ऐसे थे प्रभु। साधारण व्यक्ति धन, भौतिक सुख को ही सुख समझता है, वह अनित्य है। वे वीर थे, उन्होंने इच्छाओं, काम को जीत लिया। काम यानी वासनाएं, विषयों का आकर्षण। संसार में कोई नहीं छूटा उनसे। ये लुभाने वाले होते हैं। उन्होंने कहा जो परमात्मा पर आस्था रखता है, उसकी सद्गति निश्चित है। जन्म मरण का चक्र मिट सकता है। जीवन को उच्च स्तर पर ले जा सकते हैं। इस दौरान वर्धमान स्थानकवासी जैन महासंघ तमिलनाडु के अध्यक्ष सुरेश लुनावत व वरिष्ठ सुश्रावक ताराचंद दुगड़ ने नौ उपवास की पचकावनी पर सुश्राविका का सम्मान किया। कविता वैभव बेताला ने पुच्छिस्सुणं संपुट जाप पर अपने भाव प्रकट किए। औरंगाबाद, हुब्बल्ली, बेंगलूरु, जयपुर आदि विभिन्न क्षेत्रों से गुरुभक्तगण युवाचार्यश्री के दर्शनार्थ व वंदनार्थ उपस्थित हुए। जयनगर बेंगलूरु संघ की ओर से उपप्रवर्तिनी महासती कंचनकंवरजी के आगामी चातुर्मास की विनंती की। 12 अक्टूबर को विजयादशमी (दशहरा) के दिन सुबह 8.30 बजे विशेष जाप होगा। राकेश विनायकिया ने सभा का संचालन किया।

# अग्रवाल आई हॉस्पिटल ने अनाथालयों में बच्चों को चश्मा प्रदान किया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। डॉ. अग्रवाल आई हॉस्पिटल्स एंड आई रिसर्च सेंटर के तत्वाधान में शहर के बारह से अधिक अनाथालयो में बच्चों के आंखों की निःशुल्क जांच करके जरूरतमंद बच्चों को चश्मा प्रदान किए गए। डॉ. अग्रवाल आई हॉस्पिटल्स 31 अक्टूबर तक अपने विभिन्न केंद्रों पर बच्चों हेतु निःशुल्क नेत्र जांच का आयोजन कर रहा है। यह कार्यक्रम विश्व दृष्टि दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है जिसका विषय लव योर आइज किड्स है।

अनाथालयों में आयोजित नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण कार्यक्रम में बच्चों को नेत्र देखभाल से संबंधित वीडियो दिखाए गए तथा उन्हें पाठ सामग्री वितरित की गई। दृष्टि और मुस्कान का दिन थीम पर आयोजित कार्यक्रम को ऑप्टोमेट्री कनफेडरेशन आफ इंडिया( ओसीआई) जींस, होया विजन केयर तथा रोटरी क्लब ऑफ चेन्नई ने समर्थन दिया।

कार्यक्रम में बोलते हुए अस्पताल की क्लिनिकल सर्विसेज प्रमुख डॉक्टर एस. सौंदरी ने कहा कि विश्व स्तर पर चार सौ मिलियन बच्चों को दृष्टि दोष संबंधी समस्याएं हैं जिन्हें उपचार की आवश्यकता है परंतु दुर्भाग्य से हर बच्चे तक किफायती नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं है। भारत में अनुमानतः प्रति एक हजार में एक बच्चा अंधेपन का शिकार है जो किसी भी देश के अंधे बच्चों की संख्या से अधिक है। उन्होंने कहा कि एक अध्ययन के अनुसार दृष्टिदोष वाले बच्चों में स्कूल जाने की संभावना पांच गुना कम होती है साथ ही वे सामाजिक मेलजोल से भी वंचित रह जाते हैं।

कार्यक्रम में बोलते हुए डॉक्टर अग्रवाल इंस्टीट्यूट आफ ऑप्टोमेट्री के डीन डॉ. कर्पागम दामोदरन ने कहा कि बच्चों में आंखों की स्वास्थ्य समस्याओं की बढ़ती दर को देखते हुए यह महत्वपूर्ण है कि आम जनता अपने आंखों की सेहत को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित हो उन्होंने कहा कि हमारे निशुल्क नेत्र परीक्षण और चश्मो के वितरण से चेन्नई के चार सौ से अधिक बच्चों को लाभ हुआ उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चों को अपनी आंखों की सुरक्षा के लिए आवश्यक ज्ञान प्राप्त हो और वह अपनी दृष्टि के लिए सक्रिय कदम उठा सके इसलिए हमारी टीम ने प्रत्येक देखभाल केंद्रों पर कई घंटे काम किया तथा बच्चों के आंखों की देखभाल और स्वच्छता के बारे में वीडियो और प्रदर्शनी के माध्यम से शिक्षित किया।

डॉ अग्रवाल आई हॉस्पिटल की वरिष्ठ बाल नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मंजुला जयकुमार ने भी आंखों को सुरक्षित रखने एवम देखभाल हेतु महत्वपूर्ण परामर्श दिया।

# सुभाषचंद रांका एवं मिनिस्ट्री ऑफ़ एमिगोस का 'ऊर्जा' सांस्कृतिक कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। यहां डीजी वैष्णव कॉलेज के परिसर में 9 से 15 साल के वर्ग के बच्चों द्वारा एक नायाब सांस्कृतिक कार्यक्रम ऊर्जा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम संध्या नाहर ने सभी का स्वागत अभिवादन करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में पधारे सुभाषचंद रांका के कमलों द्वारा एवं विशिष्ट अतिथि प्रवीण टाटिया एवं शांतिलाल जैन द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

नीलम मरडीया ने सभी अतिथियों का परिचय देते हुए उनके द्वारा समाज में की गई उपलब्धियां की जानकारी दी। टीना चौवटिया द्वारा ऊर्जा कार्यक्रम की विशेषता बताते हुए अभी तक के मिनिस्ट्री ऑफ़ एमिगो नामक इस संस्था के कार्यक्रमों की छवि भी प्रस्तुत की। तत्पश्चात पॉवर ऑफ़ लव पॉवर ऑफ़ वरशिप पॉवर ऑफ़ नेचर पावर का टुगेदर इस तरह से विभिन्न रूप में विद्यमान शक्तियों को अलग दृष्टिकोण से बताया गया। सर्वप्रथम देवी देवताओं को आह्वान देते हुए उनके अंदर छुपे हुए आशीर्वाद जिससे सभी काम सहज रूप से कैसे हो जाते हैं वह बताया। पावर ऑफ़ नेचर के अंदर कैसे प्राकृतिक सौंदर्यता को रखा जाए और पेड़ पौधों से कैसे ऊर्जा मिलती है वह दर्शाया। पुराने 'चिपको' आंदोलन को दर्शाते हुए पेड़ पौधों से जुड़ी हुई विशेषताएं बताई गई। पावर ऑफ़ एजुकेशन के अंदर बताया कि सिर्फ किताबों से ही पढ़ाई नहीं होती है पर जीवन में हर पल हर रोज सीखने को बहुत कुछ है वह विभिन्न पहलू को दर्शाया गया। परिवार में एक जुटता और दादा-दादी नाना नानी के नुस्खे को बताते हुए संयुक्त परिवार की बात स्पष्ट रूप से रखी गई। पावर आफ टुगेदर्नेस के अंदर सभी विद्यमान शक्तियों को एक दूसरे के साथ मिलकर ऊर्जा बढ़ाने की बात बताते हुए कार्यक्रम अपने अंतिम चरण पर पहुंचा। तत्पश्चात राष्ट्रगान के साथ धन्यवाद ज्ञापन संध्या नाहर द्वारा दिया गया। नृत्य मार्गदर्शन हेतु निखिल किंग को धन्यवाद दिया गया।

कार्यक्रम में अजय नाहर, चिराग चोवटिया, मयूर मरडीया की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत ली जिनमें तोलाचंद नाहर, सुरेश कांकरिया, दिलीप बोहरा, गौतम नाहर, किरण प्रकाश झामड़, कृष्ण कुमार बाहेती, राजेश बोहरा, पुखराज चोवटिया, जयंतीलाल चोवटिया, रायचंद मरडिया आदि उपस्थित थे।



# अग्रवाल विद्यालय में नवरात्रि पूजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां बुधवार को अग्रवाल विद्यालय एंड जूनियर कॉलेज में विद्यालय के पूजा स्थल में नवरात्रि की पूजा एवं अर्चना का आयोजन किया गया।

इस पूजा में विद्यालय के सचिव एवम् संवाददाता मुरारीलाल सोंथालिया, संयुक्त पत्राचारक शालिनी अग्रवाल, समिति सदस्य शारदा अग्रवाल, विवेक बुकडीवाला, प्रधानाचार्या विजयलक्ष्मी, वरिष्ठ उपप्रधानाचार्य रघुदेव, उपप्रधानाचार्या श्रीमती माहेश्वरी मारन आदि ने अध्यापक गण, ऑफिस स्टॉफ एवं अन्य सदस्यों के साथ मिलकर मंत्रोचारण के साथ विघ्नहर्ता गणेश,माता गौरी, नवग्रह तथा सभी देवी-देवताओं की पूजा अर्चना के पश्चात् भव्य एवं मनमोहक गोलू के समक्ष भजन-कीर्तन कर वातावरण को पवित्र एवं आनंदमय बना दिया। संयुक्त संवाददाता शालिनी अग्रवाल ने सभी के स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की।



# कोयम्बटूर संघ ने डा. प्रतिभाश्रीजी के समक्ष रखी चातुर्मास विनती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां मैलापुर में चातुर्मासार्थ विराजित श्रमण संघीय डॉ. प्रतिभाश्रीजी म. सा. के दर्शन, वंदन व प्रवचन श्रवण के लाभ लेने कोयंबटूर स्थानकवासी जैन संघ के अध्यक्ष राजेश बोहरा, सचिव सुनील हिंगड़, कार्यकारिणी सदस्य ज्ञानचंद खारीवाल, राजेश कुमार गादिया के साथ संघ के सक्रिय सदस्य दिनेश नाहर आदि बुधवार को प्रतिनिधिमंडल रूप में मैलापुर पहुंचे।

संघ ने सतिवृंद से सन् 2025 का चातुर्मास करने की आधिकारिक विनंती की। सतीमंडल ने विनंती को झोली में स्वीकार करते हुए कहा की आचार्य भगवंत व प्रवर्तक आदि से आज्ञा प्राप्त होने पर देश काल भाव अनुसार ठीक समय पर निर्णय लिया जाएगा। संघ की विनंती को सहर्ष स्वीकार करने पर प्रतिनिधि मंडल ने प्रसन्नता व्यक्त की एवं पूज्य गुरुदेव के अज्ञानुसार संघ आगे की रूप रेखा बनाएगा। कोयम्बटूरसंघ को चातुर्मास करवाने के प्रबल भाव हैं।

## नेत्रदान जागरुकता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




बेंगलूरु के तेरापंथ युवक परिषद विजयनगर द्वारा अभातेयुप के षष्ठीपूर्ति वर्ष के मौके पर विजन फॉर विजनलेस अभियान के तहत राजाजीनगर स्थित ओरियनमाल में नेत्रदान जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा मॉल में विभिन्न माध्यम से उपस्थित जनों को नेत्रदान के महत्त्व के बारे में बताते हुए नेत्रदान के लिए प्रोत्साहित किया। परिषद अध्यक्ष कमलेश चोपड़ा, उपाध्यक्ष विकास बांठिया, नेत्रदान संयोजक अशोक मारू, मंत्री संजय भटेवरा, सहमंत्री पवन बैद, कमलेश दक, कोषाध्यक्ष अमित नाहटा, संगठन मंत्री पंकज कोचर सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।



# अनूठी पहल : असाध्य रोगग्रस्त बच्चों के सपने हुए साकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। 8 अक्टूबर मंगलवार को लायन्स क्लब मीनमब्बाकम ने मेक ए विश फाऊंडेशन के सहयोग से करीबन 55 चयनित असाध्य रोग ग्रस्त बालक-बालिकाओं को उनकी इच्छानुरुप सामग्री प्रदान कर उनके सपनों को साकार किया। इस आयोजन को एग्मोर स्थित अशोका होटल में अति उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ प्रस्थित किया गया। इसमें स्वप्नार्थियों के पारिवारिक अभिभावकगण भी साक्षी बने। क्लब के जोशिले एवं दूरदृष्टिधारक, हीरक जयंती वर्ष के अध्यक्ष श्री संजय जैन ने समागत महानुभावों का अपनी प्रखर अभिव्यक्ति से अभिवादन कर स्वागत किया।

मुख्य अतिथि लायन्स इन्टरनॅशनल डिस्ट्रिक्ट 324 घ के गवर्नर श्री मुरगेशकुमार अपनी पूरी टीम के साथ आयोजन में सम्मिलित हुए। अपनी अभिव्यक्ति मे आपने इस अनुठे कार्यक्रम के संपादन हेतु लायन्स क्लब मीनमब्बाकम की भूरि भूरि प्रशंसा की। क्लब द्वारा प्रदत्त इच्छापूर्ति सामग्री मे टीवी, लॅपटॉप, बैटरी चलित कारें, दुपहिया साइकिलें, मोबाइल फोन, खिलौने आदि विभिन्न नित्यक्रमिक जीवनोपयोगी वस्तुएँ शामिल थी। दुर्लभ-सी प्रतीत होनेवाली सुविधाजनक वस्तुओं को पाकर अभावग्रस्त पीडित बालकों एवं उनके अभिभावकों के चेहरों पर अपार खुशी झलक रही थी। समाज सेवा का यह अनूठा एवं आनंदप्रदायक उपक्रम पिछले अनेक वर्षों से लायन्स क्लब मीनमब्बाकम संपादित कर रही है।

इस आयोजन के चेअरमैन भामाशाह दीपचंद लुणिया ने प्रभावक वक्तव्य के माध्यम से आगंतुकों को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। शीर्ष दानदाता के रुप मे तूफान फॅन ग्रुप का अतुल्य सहयोग रहा। अनेक दानवीर लॉयन सदस्य एवं अन्य दानदाताओं के फलस्वरूप ही क्लब विविध सामाजिक मानवतापूरक गतिविधियाँ अक्षुण्ण संपादित कर रहा है।

करीबन 25 लॉयन सदस्यों ने अपनी सेवाएँ प्रदान की। क्लब के मंत्री निलेश जैन, कोषाध्यक्ष अशोककुमार कोठारी एवं उपस्थित सभी सदस्यों के अथक परिश्रम से आयोजन सफलतापूर्वक परिसंपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन पूर्वाध्यक्ष एवं हीरक जयंती चैयरमैन जयंतीलाल तलेसरा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन पूर्वाध्यक्ष किशोर जैन ने किया।



# बच्चों को पर अनूठी छाप छोड़ी 'खिलौनों' ने

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां बुधवार को ए जी जैन हायर सेकेंडरी स्कूल एवं उसकी सहगामी संस्था श्री ए जी जैन प्राइमरी एवं नर्सरी विद्यालय के इतिहास में एक अनूठी छाप छोड़ने वाला दिन था। जहाँ नन्हे-मुन्ने बच्चों की आंखों में चमक और प्रकृति के प्रति प्रेम का यह अद्भुत संगम हमें एक नए सवेरा का एहसास करवा रहा था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महावीर जैन ग्रुप के विजयराज कटारिया और उनकी सहधर्मिणी ने न केवल नौनिहालों के नन्हें हाथों में खिलौने दिए, बल्कि जीवन की सौगात रूपी औषधीय पौधों को भी प्रदान किया। खिलौनों की चमक के साथ, इन पौधों की हरियाली नौनिहालों के जीवन में स्वास्थ्य और प्रकृति के साथ जुड़ाव का बीज बोएगी। खिलौने तो उनके खेल के साथी होंगे, लेकिन ये पौधे उनके भविष्य को स्वस्थ और खुशहाल बनाएंगे।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डॉ निर्मला वसंत चलानी की प्रेरणा एवं प्रयास का फल इस अनमोल उपहार के रूप में परिलक्षित हुआ जो कि न केवल एक प्रतीक बल्कि एक संदेश था -स्वस्थ जीवन और सुखद भविष्य के लिए हमें प्रकृति से जुड़ना होगा, उसे संवारना होगा। बच्चों को खिलौनों के माध्यम से बचपन का आनंद और पौधों के माध्यम से जीवन का महत्व समझाना-यही आज का संदेश है।

कटारिया एक नेत्र अस्पताल के मालिक है जो कि सम्पूर्ण रूप से अपनी निःशुल्क सेवाएं देता है। उनका एक निर्माणाधीन अस्पताल जो कि घुटने के प्रतिस्थापन के लिए समर्पित है। इस समारोह की खूबसूरती मुख्य अतिथि की उदारता से और भी बढ़ गई है, जिनके कर कमलों से यह अनमोल भेंट इन बच्चों के जीवन को एक नई दिशा की ओर अग्रसारित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ निर्मला ने अपने अभिभाषण में कहा कि भारतीय स्थल औषधीय पेड़- पौधों से सजी हुई है किंतु हम लोग ही अपनी प्राकृतिक संपदा का सम्पूर्ण तिरस्कार किये हुए थे लेकिन यह गौरव और हर्ष का विषय है कि हम फिर अपने प्राकृतिक संसाधनों की ओर मुड़ रहे हैं।

कार्यक्रम में विद्यालय के कोरेस्पोंडेंट गौतम चंद गोठी, सचिव दलजीत सिंह ढढा, विद्यालय की प्राचार्या डॉ जयश्री, विद्यालय प्रबंध समिति के सम्मानित सदस्य गौतमचंद बोहरा, प्रसन्नचंद चोरड़िया, विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के हिंदी प्रवक्ता जी. आनंदन ने किया।


Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.


Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.